# कार्यालय सचिव
# छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल, नवा रायपुर अटल नगर,
# जिला–रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 15 / छ.ग.सि.प.म. / 2025 / 22 रायपुर, दिनांक 13/05/2026

प्रति,

1. अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कम्पनी मर्यादित, नवा रायपुर, अटल नगर(छ.ग.)
2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर(छ.ग.)
4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, ऊर्जा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
5. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, शिवनाथ भवन, नॉथ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
6. वित्तीय सलाहकार, छ.ग. सिंचाई परियोजना मण्डल, नवा रायपुर, अटल नगर (उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, अटल नगर) (छ.ग.)
7. मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
8. मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)
9. मुख्य अभियंता, मिनीमाता (हसदेव) बांगो परियोजना, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
10. मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, जगदलपुर (छ.ग.)
11. मुख्य अभियंता, हसदेव कछार, जल संसाधन विभाग, बिलासपुर (छ.ग.)
12. मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार, जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)
13. मुख्य अभियंता (प्रबोधन) कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) **(विशेष आमंत्रित)**

विषय :– छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल के कार्यकारिणी समिति की 64 वीं बैठक।

********

माननीय अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल एवं मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल के कार्यकारिणी समिति की 64 वीं बैठक दिनांक 08.05.2026 को अपरान्ह 03:00 बजे मुख्य सचिव के प्रतिकक्ष एस 4–23 में सम्पन्न हुई। बैठक का कार्यवाही विवरण संलग्न है।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।

सचिव
छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल,
सह प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

पृष्ठां. क्रमांक 15 / छ.ग.सि.प.म. / 2025 / 23 नवा रायपुर, दिनांक 13/05/2026

प्रतिलिपि :–

उपसचिव, कार्यालय मुख्य सचिव, छ.ग. शासन, मंत्रालय, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित। कृपया तदानुसार मुख्य सचिव महोदय को अवगत कराना चाहेंगे।

सहपत्र :– उपरोक्तानुसार।

सचिव
छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल,
सह प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)

# छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल के कार्यकारिणी समिति की 64 वीं बैठक दिनांक 08.05.2026 का कार्यवाही विवरण

श्री विकास शील अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल, कार्यकारिणी समिति एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में कार्यकारिणी समिति की 64वीं बैठक दिनांक 08.05.2026 को संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची परिशिष्ट–1 में संलग्न है।

1. **एजेण्डा आयटम क्रमांक 01 – छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना की कार्यकारिणी समिति की 63 वीं बैठक दिनांक 08.0.2026 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि।**

छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मण्डल के कार्यकारिणी समिति की 63 वीं बैठक दिनांक 08.04.2026 को सम्पन्न हुई जिसका कार्यवाही विवरण समस्त माननीय सदस्यों को कार्यालयीन पत्र क्रमांक 17/छ.ग.सि.प.म./2025/06, 07 नवा रायपुर, दिनांक 13.04.2026 के द्वारा प्रेषित किया गया। कार्यवाही विवरण में किसी भी सदस्य से संशोधन का कोई भी प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ। अतः उक्त कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई।

2. **एजेण्डा आयटम क्रमांक 02 – गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर (पाईप लाईन) निर्माण कार्य की लम्पसम्प निविदा प्रारूप/दस्तावेज Vol-I एवं Vol-II के अनुमोदन बाबत्।**

मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उपरोक्त विषयांकित योजना के संबंध में विस्तृत एजेण्डा नोट पत्र दिनांक 17.04.2026 के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं।

मुख्य अभियंता द्वारा एजेण्डा नोट में योजना का दिया गया संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

2.1 **योजना का परिचय** :– उक्त योजना प्रदेश के मुख्य नदी महानदी की सहायक पैरी नदी ग्राम सिकासार विकासखण्ड मैनपुर जिला–गरियाबंद में प्रस्तावित है। यह कार्यस्थल जिला मुख्यालय गरियाबंद से 55 कि.मी. दूर, राष्ट्रिय राज्यमार्ग क्रमांक–136 सी गरियाबंद से देवभोग मार्ग से 16 कि.मी. की दूरी पर ग्राम सिकासार में स्थित है। प्रस्तावित कार्यस्थल को टोपोशीट क्रमांक 64 L/6 पर देशांश $82^0$ 19' 00" अक्षांश $20^0$ 31' 00" में अवलोकन किया जा सकता है।

2.2 **सिंचाई** :– सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर परियोजना के माध्यम से अनुपयोगी जल की मात्रा का उपयोग कर पाईपलाईन के माध्यम से निस्तारी, पेयजल एवं औद्योगिक प्रयोजन के उद्देशय के प्रतिपूर्ति की जानी है। महासमुंद जिले में सिंचाई के रकबें में हो रही कमी की प्रतिपूर्ति, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले में पी.डी.एन. पद्धति से नवीन कृषि क्षेत्रों में सिंचाई सुविधा कुल 25,000 हेक्टेयर में पानी की प्रतिपूर्ति की जायेगी । साथ ही पेय जल, निस्तारी एवं औद्योगिक प्रयोजन हेतु जल उपलब्ध रहेगा।

2.3 **प्रशासकीय स्वीकृति** :– गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय नवा रायपुर अटल नगर का पत्र क्रमांक FINACC/4157/2025-WRD/F-1/830 नवा रायपुर दिनांक 09.02.2026 द्वारा राशि रू. 3046.71 करोड़ प्रदान की गई है जो कि विभागीय एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 से यथा संशोधित दिनांक 08.08.2025 पर आधारित है।

2.4 **तकनीकी स्वीकृति** :– परियोजना की प्रावधिक तकनीकी स्वीकृति (Provisional T.S.) कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर का पत्र क्रमांक 1166/दिनांक 11.02.2026 को राशि रू. 3046.71 करोड़ प्रदान की गई है।

2.5 **बजट आबंटन** :– वर्ष 2025–26 के नवीन मद लेखाशीर्ष 41/4700, अनुमानित लागत राशि रू. 20.00 लाख का आबंटन किया गया है।

2.6 **योजना की प्रमुख विशेषताएं** :– गरियाबंद जिले के पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार जलाशय से कोडार जलाशय लिंक नहर परियोजना की स्थिति –

टोपोशीट क्रमांक 64 L/6
देशांश $82^0$ 19' 00" अक्षांश $20^0$ 31'00"
जल ग्रहण क्षेत्र –497 वर्ग कि.मी.
अधिकतम बाढ़ पर जल का बहाव–5571 क्यूमेक्स
अधिकतम बाढ़ पर जल स्तर – क्यूमेंस
नदी का औसतन तल–377.80 मीटर
जलाशय का निम्नतम सिल स्तर–392.13 मीटर
अधिकतम जल स्तर–402.64 मीटर (बिना क्रस्टगेट)
अधिकतम जल स्तर – 406.30 मीटर (क्रस्टगेट के साथ)
हेडस्लूस के जल द्वारों का संख्या –01 नग
हेडस्लूस के जल द्वारों का साईज–2.50x2.50 मीटर
पाईप लाईन की लम्बाई – लगभग 90 किमी.
पाईप का व्यास – अधिकमत 3000 मि.मी.

2.7 **भू–अर्जन** :– इस योजना के अंतर्गत 40 हेक्टेयर वन भूमि, 35.23 हेक्टेयर निजी भूमि एवं 13.27 हेक्टेयर शासकीय भूमि कुल 88.50 हेक्टेयर भूमि प्रभावित होगी।

2.8 लम्प–सम निविदा प्रस्ताव :–

1. लम्प–सम पद्धति से निविदा आमंत्रित करने पर कान्ट्रेक्टर की वित्तीय निश्चितता निर्धारित होती है। इसमें कार्य शुरू होने से पहले ही कार्य का कुल लागत तय हो जाता है जिससे कान्ट्रेक्टर को बजट का अंदाजा रहता है और लागत बढ़ने का जोखिम कम रहता है।

2. अनुबंधित निर्माण कार्य से जुड़े सभी प्रकार के जोखिम और लागत में वृद्धि का जोखिम निविदाकार पर आ जाता है। जिससे कान्ट्रेक्टर को कम वित्तीय जोखिम उठाना पड़ता है।

3. चूंकि लम्प सम अनुबंध का एक निश्चित समय होता है जिसके कारण कान्ट्रेक्टर निर्माण कार्य को जल्दी पूर्ण करने हेतु प्रेरित होते है ताकि अपने लाभ को अधिकतम कर सके।

4. इस योजना के अंतर्गत पाईप बिछाने का कार्य, पक्के संरचनाओं का निर्माण एवं मिट्टी का कार्य सम्मिलित है। उक्त कार्य के संपादन के समय हार्डरॉक की गहराई एक समान नहीं होगी इससे कांक्रीट, मिट्टी कार्य की मात्रा में कमी/वृद्धि होने की संभावना होती है। कार्य करते समय मात्रा पर नियंत्रण रखना संभव नहीं होगा अतः इस दृष्टि से लम्प–सम पद्धति से कार्य करना ज्यादा उचित होगा। इस योजना में भारी मात्रा में Mild Steel Pipes (Fe-410 grade) के निदिृष्ट व्यास एवं मोटाई का उपयोग का प्रावधान है। उक्त मात्रा में हो रही अनियमितता को नियंत्रण करने हेतु लम्प–सम पद्धति से कार्य किया जाना ज्यादा उचित है।

2.9 स्कोप ऑफ वर्क –

(A) गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मैनपुर में पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासर से कोडार जलाशय लिंक केनाल का निर्माण कार्य

(B) उक्त निर्माण कार्य अंतर्गत विस्तृत सर्वे, डिज़ाइन, ड्राइंग, एस्टिमेशन का कार्य निर्माण

(C) लगभग 90 कि.मी. में एम.एस. पाइप बिछाना (अधिकतम कमांड एरिया पाने के लिए लंबाई अलग हो सकती है) एवं 10.85 क्यूमेक्स रॉ वॉटर डिस्चार्ज सप्लाई करना

(D) सभी ज़रूरी वाल्व और उससे जुड़े सिविल कार्य,

(E) बल्क फ्लो मीटर सप्लाई एवं लगाने का कार्य,

(F) सर्ज एनालिसिस कार्य एवं प्रिवेंटिव डिवाइस प्रदाय

(G) केशवा जलाशय एवं कोडार जलाशय तक पाईप लाइन बिछाने का कार्य,

(H) नाला ट्रेनिंग का कार्य जिसमें सभी तरह के मिट्टी कार्य के साथ प्रोटेक्शन का कार्य

(I) केनाल स्ट्रक्चर भी शामिल है जिसमें हेड स्लूस, व्ही.आर.बी., एक्वाडक्ट एवं ज़रूरत के हिसाब से अन्य आवश्यक स्ट्रक्चर।

(J) कार्य अंतर्गत निर्दिष्ट व्यास और प्लेट की मोटाई के अनुसार वेल्डेड सिरों के साथ, हल्के स्टील पाइपों (Fe–410 ग्रेड) का विनिर्माण, आपूर्ति, स्थिति में बिछाना, संरेखित करना, जोड़ना, चालू करना और परीक्षण करना शामिल है।

(K) इस कार्य में स्वचालन और इंस्ट्रूमेंटेशन के साथ स्काडा आधारित नियंत्रण और विनियमन प्रणाली,

(L) निम्नलिखित आवासीय एवं गैरआवासीय भवनों का निर्माण कार्य अहाता निर्माण एवं वृक्षारोपण कार्य सहित

1. आधिकारिक उपयोग के लिए स्थायी और अस्थायी भवन,
2. आई–टाइप/चौकीदार क्वार्टरों का निर्माण (04 नग),
3. नियंत्रण सह–निरीक्षण भवन (03 नग),
4. जलापूर्ति के लिए आपूर्ति और स्थापना सहित नलकूपों का प्रावधान (04 नग),
5. नियंत्रण कक्ष के चारों – एल.टी. बिजली लाइनें, टेलीफोन लाइन,पानी की आपूर्ति लाइन और अन्य संरचनाएं जहां भी आवश्यक हो।

(M) निरीक्षण वाहन,

(N) प्रत्येक 1.00 किलोमीटर पर बेंच मार्क प्रदान करना और लगाना, हर 100 मीटर पर 0.30 X 0.45 मीटर (जमीन से 0.15 मीटर ऊपर) आकार के संदर्भ स्तंभों को लगाना, शीर्ष पर बेंच मार्क मूल्य लिखना

(O) पाइप लाइन के अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम भाग के प्रत्येक संरचना पर आर.डी.वार स्थान लिखना, प्रत्येक संरचना के पैरापेट पर बेंचमार्क मूल्य लिखना,

(P) पाईप लाईन में पानी के प्रवाह को प्रभावी ढंग से और सही ढंग से नियंत्रित करने के लिए निर्वहन मापक (Discharge Meter) उपकरण का प्रावधान है। संरचना का जल प्रवाह परीक्षण और लोड बियरिंग परीक्षण जहां भी आवश्यक हो और प्रभारी इंजीनियर के निर्देशानुसार किया जाएगा, सभी प्रकार के कार्यों का पर्यवेक्षण

(Q) ज़मीन अधिग्रहण के मामलों की तैयारी और प्रोसेसिंग, कानूनी नियमों का पालन, और फ़ाइनल अवॉर्ड मिलना, कानूनी मंज़ूरी के लिए मामलों को आगे बढ़ाना। स्थायी एवं अस्थाई भू–अर्जन कार्य जो कि भू–अर्जन अधिकारी द्वारा किया जाना है। अस्थाई भू–अर्जन का भुगतान ठेकेदार द्वारा व्यय होगा जबकि स्थायी भू–अर्जन का भुगतान विभाग द्वारा देय होगा।

(R) पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार से कोडार जलाशय लिंक केनाल का निर्माण कार्य में अर्जित वन भूमि हेतु नई दिल्ली स्थित पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEF) से फ़ॉरेस्ट क्लियरेंस और एनवायरनमेंटल क्लियरेंस लेना

(S) प्रोजेक्ट का 05 वर्ष (वर्षाऋतु सहित) तक ऑपरेशन और मेंटेनेंस (O&M) कार्य आदि सभी कार्य इंजीनियर–इन–चार्ज के निर्देशों के अनुरूप शामिल है।

उपरोक्त वर्णित कार्यो के अलावा उक्त परियोजना में निम्नांकित कार्यो का समावेश किया गया है :–

1. पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार से कोडार जलाशय लिंक केनाल का निर्माण कार्यके लिए सयुक्त ग्राम खसरा नक्शा, ट्रेसिंग क्लाथ में तैयार करना।
2. ग्राम नक्से एवं पृथक ड्राईंग में कंटूर रेखाओं का प्रदर्शन अधिकतम जलस्तर एवं संग्रहित जल स्तर तक, संग्रहित जल स्तर के निर्धारण सहित।
3. उक्त योजना में उपयोग होने वाले सभी प्रकार के खदानों की खुदाई हिस्से का सर्वेक्षण कार्य,
4. अवाछित सामाग्री के सग्रहण हेतु डिस्पोजल एरिया का निर्धारण।
5. आवासीय एवं गैरआवासीय भवनों में डिजिटल डिसप्ले एवं रिमोर्ट संचालन व्यवस्था सहित पैनल रूम बेकअप पावर प्रावधान की व्यवस्था सभी दृष्टिकोण से।
6. पैरी परियोजना के अंतर्गत सिकासार से कोडार जलाशय लिंक केनाल का निर्माण कार्य से संबंधित अनुमति अन्य विभागों से यथा राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, रेल्वे विभाग, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, दूरभाष विभाग, इत्यादि से नियमानुसार ठेकेदार को अनुमति प्राप्त करना होगा।
7. उक्त परियोजना के निर्माण कार्य के दौरान निर्माण स्थल पर गुणवत्ता नियंत्रण ईकाई की स्थापना का प्रावधान किया जावें (उपकरणों सहित) ताकि उच्चाधिकारियों द्वारा समय–समय पर कार्य की गुणवत्ता की जांच की जा सकेगी।

2.10 कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल की तकनीकी सलाहकार समिति की पंचम बैठक दिनांक 13.04.2026 में प्रस्तावित 04 योजनाओं के लम्पसम निविदा दस्तावेजों संबन्धित प्रस्ताव पर पूर्व अर्हता में निम्नानुसार परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित किया गया है :–

| पूर्ववर्ति कंडिका | | प्रस्तावित कंडिका | |
|---|---|---|---|
| 1.3 (a) | The contractor is supposed to visit the site of work to acquaint himself with the topography of the site, availability of the construction materials and site conditions before submitting the tender. | 1.3 (a) | The contractor is supposed to visit the site of work to acquaint himself with the topography of the site, availability of the construction materials and site conditions before submitting the tender. The contractor shall give a certificate / undertaking in **annexure No. XII** appended herein. |
| 3.8 (a) | Joint Ventures/ Consortia, including those constituted prior to the last date of submission of the bid shall be allowed to participate. It shall be mandatory for the members of the Joint Venture/Consortium to enter into a Joint Bidding Agreement as per Annexure 'IX' of the pre-qualification document and furnish a copy thereof with the bid. **The lead member of the Joint Venture/ Consortium, shall be fully responsible for execution of the work as per agreement** | 3.8 (a) | **Joint Venture is not allowed in this tender.** |
| 4.0 | **ELIGIBILITY AND QUALIFICATION REQUIREMENTS**: | 4.0 | **ELIGIBILITY AND QUALIFICATION REQUIREMENTS** |
| 4.1 | Tenderers should be a civil contractor having experience of civil Engineering construction works. To qualify for award of the contract, each prime contractor in the same name and style or in JV, have Completed in its name must have in the last five years i.e (from 2020-2021 to 2024-2025) **(Annexure-III)** -<br>i. Satisfactorily completed at least **One Similar** Project costing minimum **50%** (fifty percent) of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br>**Or**<br>ii Satisfactorily completed at least **Two Similar** projects each costing minimum **40%** (forty percent) of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer**.** | 4.1 | Tenderers should be a civil contractor having experience of civil Engineering construction works. To qualify for award of the contract, each prime contractor in the same name and style (tenderer), have Completed/ Substantially completed in its name must have in the last five years i.e (from 2020-2021 to 2024-2025) **(Annexure-III)** -<br>i. Satisfactorily completed / Substantially completed at least **One similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** Project and costing minimum **50% (fifty percent)** of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br>**Or** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | ii. Satisfactorily completed / Substantially completed at least **Two similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** projects and costing minimum **40% (Forty percent)** each, of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer**.**<br>**Note :-** Substantially completed means 90% of financial work done achieved. |
| 4.1 (a) | The tenderers should also have experience of operation and maintenance of such project costing Rs. ………. Lakhs (30% of PAC) for one year. He should furnish the details thereof duly certified by competent authority.<br>The value of completed work and O&M work for which experience is given shall be updated to the value of financial year 2024-25 (As per clause 4)<br>Note: Similar work means barrage /irrigation projects/ hydel projects / pipeline project | 4.1 (a) | The tenderer should also have experience in the operation and maintenance (O&M) of a similar project costing Rs. 50997.00 Lakhs (20% of PAC) for at least one year. He/She should furnish the relevant details, duly certified by a competent authority.<br>The value of completed work and O&M work for which experience is claimed must pertain to projects executed within the last five financial years preceding the date of bid invitation.<br>**Note:-** "Similar work" means any irrigation project or water supply project or pipeline project involving the laying of MS pipelines. |
| 4.2 (b) | Major items of construction plant proposed for use in carrying out the contract be furnished in the format given in **Annexure- V** and details of experience and past performance of tender on works of similar nature within last five years in Annexure II to IV. | 4.2 (b) | Deleted |
| 4.3 (c) | Information regarding current litigation of the tenderer shall be given in format as per **Annexure – VIII.** | 4.3 (c) | Deleted |

**ELIGIBILITY AND QUALIFICATION REQUIREMENTS:**

**1.1 Experience :-** Tenderers should be a civil contractor having experience of civil Engineering construction works. To qualify for award of the contract, each prime contractor in the same name and style (tenderer), have Completed/ Substantially completed in its name must have in the last five years i.e (from 2020-2021 to 2024-2025), **(Annexure-III)**

i. Satisfactorily Completed / Substantially completed at least **One similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** Project and costing minimum 50% (Fifty percent) of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.

**Or**

ii Satisfactorily Completed/ Substantially completed at least **Two similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** projects and costing minimum 40% (Forty percent) each,

of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer

Note :- Substantially completed means 90% of financial work done achieved.

1.1 (a) The tenderer should also have experience in the operation and maintenance (O&M) of a similar project costing Rs. 50997.00 Lakhs (20% of PAC) for at least one year. He/She should furnish the relevant details, duly certified by a competent authority.

The value of completed work and O&M work for which experience is claimed must pertain to projects executed within the last five financial years preceding the date of bid invitation.

**Note:-** "Similar work" means any irrigation project or water supply project or pipeline project involving the laying of MS pipelines.

**1.2** **<u>PHYSICAL TURN OVER</u> :**

Relevant certificates pertaining to the quantities executed should be submitted by Tenderers as a proof by the tenderer. The executed minimum satisfactory quantum of work indicated in Para 4.1(b) will be calculated as follows.

**<u>Quantity of Main Items Arrived in estimate after Clubbing</u>   X 0.5**
**Period of Completion**

| स. क्र. | आयटम | कुल प्राक्कलित मात्रा | निविदा पूर्व अर्हता हेतु प्रस्तावित मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | Earthwork including watering and compaction | 9479043.00 cum | 1895809.00 cum. |
| 2 | All types of cement concrete | 42822.41 cum | 8564.00 cum |
| 3 | Supplying, laying and Installation work of M.S. Pipe i/c appropriate bedding complete in all respect having max dia of Pipe between 1200 to 3000 mm dia.. | 90.00 Km | 81.00 Km |

मात्रा का विवरण अर्हता निविदा प्रारूप 'B' के Clause 4.0 में अंकित है।

### 1.3 FINANCIAL TURNOVER :

**1.3(a)** Should have successfully executed Civil Engineering works maximum value of civil engineering works executed in any one year during the last five years from 2020-21 to 2024-25 should not be less than (10% weightage per year shall be given to bring the financial turnover to present price level.) -

FT = **Amount put to tender / Period of Completion in Years = 254986.22 / 30/12 = 101994.48 Lakh**

The Financial turn over of the contractor is to be counted as per the income tax return submitted to Income Tax Deptt. for the previous five years i.e. from 2020-2021 to 2024-2025 The copy of the return should be submitted including balance sheet be produced as proof.

1.3(b) The Bidder shall have an average annual turnover of not less than two (02) times the estimated cost of the Project, during the immediately preceding five (5) financial years, duly supported by audited balance sheets and certificates issued by a Chartered Accountant.

The Bidder shall also have received cumulative payments from similar works, such as irrigation, barrage, and water supply projects, equal to or greater than the probable amount of contract put to bid, during the last five (5) financial years, i.e., from FY 2020–2021 to FY 2024–2025.

### 1.4 Bid Capacity

**Bid capacity threshold : Rs. 254986.22 Lakhs**

Tenderer (Bidder) who meet the minimum qualification criteria shall be further evaluated for assessed bid capacity as under.

Assessed bid capacity = 1.5 x A x B -C-L, should be $\geq$ Bid amount

A - Maximum value of Civil engineering works executed in any one year during last five years.

B - Prescribed completion period in years.

C - Amount of balance works in hand with tenderer at the time of receipt of tender.

L - Value of works for which the tenderer is the lowest bidder and his tender is under consideration

The department may verify the certificates at any time of tendering process or work execution even after agreement. Therefore, the tenderers are advised to keep the original copies of the supported documentary evidences regarding their eligibility.

2.11 <u>वित्तीय सलाहकार का अभिमत एवं मुख्य अभियंता की टीप :–</u> वित्तीय सलाहकार छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल द्वारा दिये गये अभिमत एवं उस पर संबंधित मुख्य अभियंता की टीप निम्नानुसार है :–

| स. क्र. | वित्तीय सलाहकार का अभिमत | मुख्य अभियंता की टीप |
|---|---|---|
| **01** | **02** | **03** |
| 1. | 2.1 संलग्न Volume -1 Envelope - B Volume - II & Envelope - C में अंकित Name of work में निम्नानुसार आंशिक सुधार आवश्यक प्रतीत होता है :–<br><br>"Construction of sikasar to kodar reservoir link canal (Pipeline) under Pairy Project scheme including testing trials & run, commissioning and operation & Maintenance of the complete Systems for 5 (five) years after completion of the construction work | सुझाव अनुसार Name of Work में संशोधन किया जावेगा। |
| 2. | 2.2 संलग्न एजेंडा नोट के स्कोप ऑफ वर्क के विन्दु (S) को निम्नानुसार संशोधित किया जाये:–''प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद 5 वर्ष तक (वर्षा ऋतु सहित) आपरेशन और मेंटेनेंस (O&M) कार्य आदि सभी कार्य इंजीनियर–इन–चार्ज के निर्देशो के अनुरूप किया जाना शामिल है'' | सुझाव अनुसार कंडिका में संशोधन किया जावेगा। |
| 3. | 2.3 Volume-I & Envelope-B के पैरा 2.2 (Page-10) निम्नानुसार सुधार किया जाये–<br><br>"... (2.2) Operation and maintenance Period of 5 (five) year after issue of Physical Completion certificate of construction work by Engineer in charge. | सुझाव अनुसार कंडिका में संशोधन किया जावेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | 2.4 Completion Certificate का Prescribed format Enclose किया जाये। | सुझाव अनुसार निर्धारित प्रारूप में प्रपत्र संलग्न किया जावेगा। |
| 5. | 2.5 प्रस्तावित लम्प–सम निविदा की समस्त अर्हताएं एवं तकनीकी विन्दुओं के संबंध में प्रशासकीय विभाग स्वयं के स्तर पर निर्णय लिया जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। | सुझाव अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। |
| 6. | 3/ साथ ही विभाग को यह अभिमत दिया जाता है कि 3.1 कार्य की निविदा प्रक्रिया में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, पर्याप्त सहभागिता एवं technical qualification तथा bid capacity संबंधी अर्हताओं का पालन सुनिश्चित किया जावे। | सुझाव अनुसार संबंधी अर्हताओं का पालन सुनिश्चित किया जावेगा। |
| 7. | 3.2 Works Manual के अनुसार tender documents approval का कार्य प्रशासकीय विभाग का है, अतः वित्त विभाग किसी भी त्रुटि/प्रक्रिया में कमी हेतु जवाबदेह नहीं होगा। निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण परीक्षण विभाग स्तर पर कर प्रशासकीय अनुमोदन के अनुसार हो। | सुझाव अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। |
| 8. | 3.3 annexure–1 की कंडिका 1.2 (b) रखी जावे। 1.2 (b) – (Satisfactorily completed at least One similar project costing minimum 50% (fifty percent) of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br><br>Or<br><br>(ii) Satisfactorily completed at least Two similar projects each costing minimum 40% (forty percent) of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer. | स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं पर्याप्त सहभागिता को ध्यान में रखते हुए 3.3 Annexure-1 की कंडिका 1.2 (b) में प्रस्तावित अर्हता निम्नानुसार रखी जावें।<br><br>i. Satisfactorily Completed / Substantially completed at least **One similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** Project and costing minimum 50% (Fifty percent) of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br><br>**Or**<br>ii. Satisfactorily Completed/ Substantially completed at least **Two similar Irrigation project or Water supply Project, involving the laying of MS pipe line** projects and costing minimum 40% (Forty percent) each, of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer<br>**Substantially completed means 90% of physical and financial progress achieved.** |
| 9. | 3.4 मोबिलाइजेशन एवम Tools and Plant एडवांस की वसूली की कंडिका 4.58 में व्याज दर रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के बैंक रेट से 1% अधिक का प्रावधान रखा गया है, जिसे Bank Rate + 3% (वर्तमान में 5.5%+3%=8.5%) रखा जाए। | सुझाव के अनुसार कंडिका में सुधार किया जावेगा। |

3. **एजेण्डा आयटम क्रमांक 03 – रायपुर जिले के विकासखण्ड आरंग में महानदी पर मोहमेला–सिरपुर बैराज का निर्माण कार्य की लम्पसम निविदा अभिलेखों के अनुमोदन बाबत्।**

मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उपरोक्त विषयांकित योजना के संबंध में विस्तृत एजेण्डा नोट पत्र दिनांक 17.04.2026 के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं।

मुख्य अभियंता द्वारा एजेण्डा नोट में योजना का दिया गया संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 3.1 | योजना का परिचय | प्रदेश की मुख्य नदी महानदी पर ग्राम मोहमेला विकासखण्ड आरंग जिला–रायपुर में प्रस्तावित है यह कार्यस्थल जिला मुख्यालय रायपुर से 70 कि.मी. एवं विकासखण्ड मुख्यालय आरंग से 35 कि.मी. दूर आरंग पलारी मार्ग पर स्थित है। प्रस्तावित कार्यस्थल को टोपोशीट क्रमांक 64 K/3 देशांश 82°11'12"अक्षांश 21°21'52" क्षैतिज स्थिति में अवलोकन किया जा सकता है। |
| 3.2 | सिंचाई | मोहमेला सिरपुर बैराज परियोजना के निर्माण में सिंचाई हेतु उद्व्हन एवं पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा प्रदाय किया जाना प्रस्तावित है। इस योजना से विकासखंड आरंग के 12 ग्रामों (हरदी, कुम्हारपारा, कुरूद, कुटेला, मोहमेला, चिखली, पीढी, मोहकम, खंडसा, सेनकपाट, सिरपुर, खमतराई) में पानी को लिफ्ट कर पाईप लाईन द्वारा सिंचाई हेतु खेतों में पहुंचाया जाना प्रस्तावित है जिसमें पाईप लाईन की कुल लंबाई 26 कि.मी. प्रस्तावित है। इस योजना के पूर्ण होने पर लगभग 1800.00 हेक्टेयर क्षेत्र में पम्प से उद्व्हन सिंचाई की सुविधा उपलब्ध किया जाना प्रस्तावित है। |
| 3.3 | औद्योगिक प्रयोजन | मोहमेला सिरपुर बैराज परियोजना के निर्माण के उपरांत तिल्दा क्षेत्र में स्थापित हो रहे औद्योगिक संस्थानों को जल आपूर्ति इस योजना के अतिरिक्त जल से हो सकेगी। प्रस्तावित व्यवस्था के अनुसार जल संग्रहण संरचना से 21.00 मि.घ.मी. एवं जल स्रोत के नैसर्गिक बहाव से 15.00 मि.घ.मी. जल उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित है। |
| 3.4 | प्रशासकीय स्वीकृति | मोहमेला सिरपुर बैराज परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति छ.ग. शासन जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर नवा रायपुर के पत्र क्र. 592/ PROJ–41011/ 2/2026 WRD अटल नगर दिनांक 24.01.2026 द्वारा रू. 689.76 करोड (जी.एस.टी सहित) प्रदान की गई है जो कि विभागीय एस.ओ.आर. दिनांक 08.08.2025 पर आधरित है। |
| 3.5 | तकनीकी स्वीकृति | मोहमेला सिरपुर बैराज परियोजना का तकनीकी अनुमोदन रू.678.18 करोड़ मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना,जल संसाधन विभाग,रायपुर द्वारा उनके आदेश क्रमांक 17456/ W/पार्ट–162(A)/2025 दिनांक 17.02.2026 द्वारा प्रदान किया गया है। |

3.6 बजट आबंटन — परियोजना के निर्माण हेतु वर्ष 2025–26 के छ.ग. शासन द्वारा रू. 100.00 लाख आबंटन किया गया है।

3.7 योजना की प्रमुख विशेषताएं — परियोजना की स्थिति :– टोपोशीट क्र.–64 K/3
देशांश–82°11'12"
अक्षांश–21°21'52"
जल ग्रहण क्षेत्र –12105 वर्ग कि.मी.
अधिकतम बाढ़ पर जल का बहाव–28810 क्यूमेक्स
अधिकतम बाढ़ पर जल स्तर –254.476 मी.
नदी का औसतम तल –246.00 मी.
बैराज का निम्नतम सिल स्तर –247.00 मी.
नदी का बेड ग्रेड –1:1643
बैराज में जल संग्रहण का अधिकतम स्तर –251.60मी.
जल–द्वारों की संख्या–62 नग
जल–द्वारों की साईज–16 मी.×4.60 मी. प्रत्येक
बैराज की लंबाई–1145 मी.

3.8 भू–अर्जन — इस योजना के अंतर्गत कोई भी वन भूमि प्रभावित नहीं होती एवं 42 हेक्ट. शासकीय व निजी भूमि हेतु प्रावधान रखा गया है।

3.9 लम्प–सम निविदा — मोहमेला सिरपुर बैराज योजना का निर्माण कार्य निम्न कारणों से लम्प सम–पद्धति से कार्य कराया जाना प्रस्तावित है :–

(1) आयटम रेट की निविदा में कार्य की निर्धारित मात्राओं में वृद्धि होने/अतिरिक्त कार्यो के समावेश की स्थिति भी निर्मित है, जिससे कार्य की अनुबंधित राशि से अधिक का भुगतान विभाग को करना पड़ता है। लम्प–सम पद्धति से कार्य कराये जाने पर ऐसी स्थिति उत्पन्न ही नहीं होती। जब तक की विभागीय अधिकारी के द्वारा सहमति प्रदान न की जाये इससे शासन को वित्तीय लाभ होगा।

(2) इस योजना में डायफ्राम वाल का कार्य सम्मिलित है। डायफ्राम वाल के निर्माण में हार्ड राक के अंदर 2.00 फीट की गहराई तक खुदाई करनी पड़ती है। हार्ड राक की गहराई सभी जगह एक समान नहीं होती जिससे डायफ्राम की मात्रा में कमी/वृद्धि होने की संभावना होती है। कार्य करते समय मात्रा पर नियंत्रण रखना संभव नहीं होगा अतः इस दृष्टि से लम्प–सम पद्धति से कार्य करना ज्यादा उचित होगा।

इस योजना में वर्टिकल लिफ्ट गेट का प्रावधान है जिसमें भारी मात्रा में स्टील का उपयोग होना है। स्टील के दामों में कभी भी अप्रत्याशित वृद्धि होती है, जिसके कारण ठेकेदार इन आयटमों के कार्य में रूचि नहीं लेते। इस स्थिति को टालने के लिए लम्प–सम पद्धति से कार्य किया जाना ज्यादा उचित है।

(3) निर्माण कार्य वृहद प्रवृत्ति का है जिसका Design & Drawing कार्य IIT से कराए जाने का प्रावधान रखा गया है,जो कि ITEM Rate पध्द्ति के निविदा में संभव नहीं है।

आयटम रेट निविदाओं में असंतुलित दरों की स्थिति भी पाई जाती है। जिसमें अधिक मात्रा वाले आयटमों के लिए ठेकेदारों द्वारा अधिक दरें भरी जाती है और कम मात्राओं वाले आयटमों की दरें कम इस प्रकार अधिक दर के कार्य पहले कर लिए जाते है तथा कम दरों वाले कार्य में रुचि नहीं ली जाती है। लम्प–सम पद्धति से कार्य कराएं जाने से विभाग के समक्ष ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी।

3.10 स्कोप ऑफ वर्क

महानदी पर मोहमेला सिरपुर बैराज के निर्माण के अंतर्गत निम्न कार्यों का सम्पादन प्रस्तावित किया गया है :–

(a) नींव में प्राप्त कड़े पत्थर में लम्बवत एवं क्रास डायफ्राम वाल को 0.60 मी. की गहराई तक निर्माण।

(b) बैराज का निर्माण कार्य 1145 मी. तक।

(c) नदी में ओपनिंग (River–Bays) 62 नग 16 M × 4.60 M प्रत्येक

(d) नदी में अधिकतम बाढ़ स्तर से उपर तक आर.सी.सी पियर्स के उपर HoistingArrangement के साथ उर्ध्वाधर उठाव के साथ 62 नग जल द्वारों का प्रावधान ।

(e) दो नग स्टाप लाग गेट का प्रावधान गेन्ट्री केन सहित HoistingArrangement की व्यवस्था के साथ

(f) 251.60 के जलस्तर पर 27.67 मि.घ.मी. से अधिक जल संग्रहण की क्षमता का निर्माण

(g) बैराज के अपस्ट्रीम की ओर 08 मी. लम्बाई फ्लोर बचाव कार्य हेतु जैसा की ड्राईंग में उल्लेखित है, का निर्माण।

(h) बैराज के बांये तट पर ग्राम मोहमेला से बैराज तक आवागमन हेतु 4 कि. मी.लम्बाई में 7 मी. चौडाई की तारकोल मार्ग का निर्माणकार्य।

(i) बैराज के दायें तट पर ग्राम सिरपुर से बैराज तक आवागमन हेतु 6 कि. मी.लम्बाई में 7 मी. चौडाई की तारकोल मार्ग का निर्माणकार्य।

(j) नदी तट में दोनों ओर बचाव कार्य हेतु सी.सी. ब्लॉक का निर्माण कार्य।

(k) गेन्ट्रीक्रेन एर्व आवागमन हेतु बैराज के उपर रोड़ ब्रिज का निर्माण 261.0मी. के फारमेशन लेवल एवं 6.20मी. के कैरीज–वे का निर्माण कार्य।

(l) निम्नलिखित आवासीय एवं गैरआवासीय भवनों का निर्माण कार्य, अहाता निर्माण एवं वृक्षारोपण कार्य सहित

(m) कार्यस्थल पर परीक्षण हेतु उपयुक्त स्थान पर आवश्यक उपकरणों सहित Field Lab स्थापित करना।

(1) ''आई'' टाईप भवन का निर्माण कार्य– 5 नग
(2) आफिस–कम–स्टोर भवन– 1 नग
(3) निरीक्षण गृह का निर्माण कार्य– 1 नग
(4) ट्यूबवेल का निर्माण कार्य–3 नग
(5) जनरेटर–कम–स्विच रूम का निर्माण कार्य–1 नग

(n) निर्माण कार्य के दौरान बैराज में 27.67 मि.घ.मी. जल संग्रहण हेतु किसी ऐतिहासिक स्मारक भवन अथवा प्रचलित रास्ते के बचाव हेतु सम्बन्धित एजेन्सी को सावधानी बरतना होगा।

(o) 1800.00 हेक्टेयर सिंचाईसुविधा उपलब्ध कराने हेतु पाइपलाइन नेटवर्क का सर्वेक्षण कार्य।

(p) उद्व्हन सिंचाई हेतु पम्प हाउस का निर्माण ।

(q) 1800.00 हेक्टेयर सिंचाई सुविधा हेतु पाइपलाइन नेटवर्क का निर्माण कार्य। (1.00 हेक्टेयर चक तक)

उपरोक्त वर्णित कार्यों के अलावा निम्नांकित कार्यों का बैराज निर्माण कार्य में समावेश किया गया है :–

1. बैराज निर्माण कार्य के लिए संयुक्त ग्राम खसरा नक्शा ट्रेसिंग क्लाथ में तैयार करना।
2. महानदी में अधिकतम जल स्तर का संग्रहित जल स्तर का सर्वेक्षण कार्य डूबान प्रवाहित हिस्से सहित खदानों की खुदाई हिस्से का सर्वेक्षण कार्य, अवांछित सामग्री के संग्रहण हेतु डिस्पोजल एरिया का निर्धारण ग्राम नक्शे एवं पृथक ड्राईंग में कन्टूर रेखाओं का प्रदर्शन अधिकतम जलस्तर एवं संग्रहित जल स्तर तक, संग्रहित जल स्तर के निर्धारण सहित
3. सम्पूर्ण डूबान क्षेत्र का सर्वेक्षण कार्य ट्रायल–पिट एवं ड्रिलिंग कार्य
4. बैराज एक्सीस का ग्रिड सर्वेक्षण कार्य
5. स्थायी एवं अस्थायी भू–अर्जन कार्य जो कि भू–अर्जन अधिकारी से प्राप्त किया जाना है। अस्थायी भू–अर्जन का भुगतान ठेकेदार द्वारा व्यय होगा जबकि स्थायी भू–अर्जन का भुगतान विभाग द्वारा देय होगा।
6. बैराज निर्माण कार्य में विद्युत प्रवाह हेतु उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर सहित पावर सब स्टेशन का निर्माण कार्य जिसमें जलद्वारों का संचालन गेन्ट्री क्रेन का संचालन मुख्य बैराज की विद्युत व्यवस्था आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों की विद्युत व्यवस्था एवं कन्ट्रोल रूम में डिजिटल डिस्पले एवं रिमोट संचालन व्यवस्था सहित पैनल रूम बेकअप पावर प्रावधान की व्यवस्था सभी दृष्टिकोण से, बैराज निर्माण कार्य से संबंधित अनुमति अन्य विभागों से जैसे (राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग, लोक निर्माण विभाग वन विभाग) संबंधित विभागों के नियमानुसार ठेकेदार को अनुमति प्राप्त करना होगा।

   निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता नियंत्रण का समस्त कार्य। परियोजना के निर्माण पश्चात 5 वर्षों तक बैराज का संचालन, समस्त मरम्मत एवं संधारण कार्य ।

3.11 प्रस्तावित लम्प सप निविदा में पूर्ववर्ती अनुमोदित कण्डिकाओं के विरूद्ध निम्नानुसार कण्डिकाएं प्रस्तावित की गयी है :–

| | पूर्ववर्ति कंडिका | | प्रस्तावित कंडिका |
|---|---|---|---|
| 1.3 (a) | The contractor is supposed to visit the site of work to acquaint himself with the topography of the site, availability of the construction materials and site conditions before submitting the tender. | | The contractor is supposed to visit the site of work to acquaint himself with the topography of the site, availability of the construction materials and site conditions before submitting the tender. The contractor shall give a certificate / undertaking in **annexure No. XI** appended herein. |
| 3.8(a) | Joint Ventures/ Consortia, including those constituted prior to the last date of submission of the bid shall be allowed to participate. It shall be mandatory for the members of the Joint Venture/Consortium to enter into a Joint Bidding Agreement as per Annexure 'IX' of the pre-qualification document and furnish a copy thereof with the bid. **The lead member of the Joint Venture/Consortium, shall be fully responsible for execution of the work as per agreement**. | 3.8(a) | Joint Venture Not Allowed. |
| 3.8 (b) | The net worth of the tenderers should not be less than Rs. 50.00 crores | 3.8 (b) | The net worth of the tenderers should be positive. |
| 4.1 | Tenderers should be a civil contractor having experience of civil Engineering construction works. Should have successfully executed or executing in last five years, at least one *barrage/ irrigation projects/hydel projects* across big rivers costing **Rs. 5000.00 Lakhs** at the price level of 2010-11. | 4.1 | i. Satisfactorily completed/ Substantially completed at least **One Similar** Project costing minimum **50% (fifty percent)** of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br>**Or**<br>ii Satisfactorily completed/ Substantially completed at least **Two Similar** projects each costing minimum **40% (forty percent)** of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer.<br>**Note :-** Substantially completed means 90% of financial work done achieved. |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4.1 (a) | The tenderers should also have experience of operation and maintenance of such project costing Rs. ………. Lakhs (30% of PAC) for one year. He should furnish the details thereof duly certified by competent authority.<br><br>The value of completed work and O&M work for which experience is given shall be updated to the value of financial year 2024-25 (As per clause 4)<br><br>Note: Similar work means barrage /irrigation projects/ hydel projects / pipeline project | 4.1 (a) | The tenderers should also have experience of operation and maintenance of such project costing minimum (20% of PAC) for at least one year.<br><br>The value of completed work and O&M work for which experience is given shall be updated to the value of financial year 2024-25<br><br>(As per clause 4)<br><br>Note: Similar work means- Barrage/ Dam/ Irrigation project comprising of construction of Hydraulic structure across river including Fabrication, Erection and Installation of Vertical lift gate / radial gate at 2024-25 Price level |

3.12 निविदा पूर्व अर्हता हेतु निर्धारित मापदण्ड :–

i. Tenderers should be a civil contractor having experience of civil Engineering construction works. To qualify for award of the contract, each prime contractor in the same name and style, have Completed in its name must have in the last five years i.e. **(from 2020-2021 to 2024-2025)** -

i. Satisfactorily completed at least **One Similar** Project costing minimum **50% (Fifty percent)** of the probable amount of contract as on date of submission of financial offer

**Or**

ii Satisfactorily completed at least **Two Similar** projects each costing minimum **40% (Forty percent)** of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of financial offer**.**

**Note:- Substantially completed means 90% of physical and Financial progress acchived**

**4.1 (a)** i The tenderers should also have experience of operation and maintenance of such project costing **s (20% of PAC)** for one year at price level of 2024-25. He should furnish the details thereof duly certified by competent authority.

The value of completed work and O&M work for which experience is given shall be updated to the value of financial year **2024-25 (As per clause 4)**

**Note: Similar work means / Dam / Barrage /Lift irrigation projects/ hydel projects with Radial and Rubber Gates**

(iv) **Financial Turnover** The turnover of years shall be given additional weightage as below, to bring them to price level of 2024-2025. The weightage shall be as under -

| | | | |
|---|---|---|---|
| Year | 2020-2021 | : | 1.61 |
| Year | 2021-2022 | : | 1.46 |
| Year | 2022-2023 | : | 1.33 |
| Year | 2023-2024 | : | 1.21 |
| Year | 2024-2025 | : | 1.10 |

(v) Physical Turnover के अंतर्गत निम्न आयटम को शामिल किया गया है, जो विभागीय गणना

Quantity of main items arrived after clubbing X 0.50 के आधार पर है।
Period of Completion

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Excavation in all types of hard rock | **573.00** | Cum. |
| (ii) | All types of cement concrete | **107420.00** | Cum. |
| (iii) | Reinforcement steel | **991.00** | MT. |
| (iv) | Gate Work including hoist etc. | **702** | MT. |
| (v) | Installation and commissioning of pumps | **313** | HP |
| (vi) | Supplying, Installation and commissioning of 200 to 800 Dia MS /DI/HDP pipe line | **9** | Km. |

**Bid Capacity** का निर्धारण–

Tenderer (Bidder) who meet the minimum qualification criteria shall be further evaluated for assessed bid capacity as under.

Assessed bid capacity = 1.5 x A x B -C-L, should be >Bid amount

- A - Maximum value of Civil engineering works executed in any one year during last five years (updated value at Price Level of 2024-25)
- B - Prescribed completion period in years.
- C - Amount of balance works in hand with tenderer at the time of receipt of tender.
- L - Value of works for which the tenderer is the lowest bidder and his tender is under consideration.

3.13 वित्तीय सलाहकार का अभिमत :– वित्तीय सलाहकार छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल द्वारा दिये गये अभिमत एवं उस पर संबंधित मुख्य अभियंता की टीप निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | वित्तीय सलाहकार का अभिमत | मुख्य अभियंता की टीप |
|---|---|---|
| **01** | **02** | **03** |
| 1. | योजना के Tender document Envelop 'B' & 'C' में Name Of Work में निम्नानुसार संशोधन किया जाना आवश्यक है। "Construction of Mohmela Sirpur barrage project and all appurtenant work including pipe irrigation network, operation and maintenance for five years after completion of construction work on Mahanadi River in Tahsil - Arang distt - Raipur (C.G.)" | सुझाव अनुसार Name of Work में संशोधन किया जावेगा। |
| 2. | Completion Certificate Envelop 'B' & 'C' का Prescribed format Enclose किया जाये। | सुझाव अनुसार निर्धारित प्रपत्र में Completion Certificate Envelop 'B' & 'C' में संलग्न किया जावेगा। |
| 3. | प्रावधानित gate size 16.0 m. X 4.60 m. का पुर्नपरीक्षण किया जावे। विषम परिस्थितियों में manually भी operate किया जा सके, यह सुनिश्चित किया जावे। | प्रावधानित गेट साईज 16.0 m. X 4.60 m का भार अत्यधिक होने के वजह से गेट का संचालन manually किया जाना संभव नहीं है। |

| | | |
|---|---|---|
| 4. | योजना में डायफ्राम वाल के स्थान पर U/S & D/S में open cut off wall के प्रावधान के सम्बन्ध में विचार किया जावे। | मोहमेला–सिरपुर बैराज महानदी पर प्रस्तावित है। महानदी पर River Bed Level से 11 मीटर गहराई तक रेत होने के कारण डायफ्राम वाल का प्रायोजन किया गया है। महानदी के Upstream & Downstream में open cut off wall निर्माण करना संभव नहीं है। |
| 5. | योजना से ताप विद्युत संयंत्र के लिये अडानी पॉवर लिमिटेड रायपुर को 36.00 मि.घ.मी. वार्षिक जल प्रदाय किया जाना (एजेण्डा नोट में) उल्लेखित है। परन्तु MOU के सम्बन्ध में कोई उल्लेख नही है। इस संबंध में विभाग स्वयं विवेचना करे। | वर्तमान में किसी भी संस्थान से MOU नहीं किया गया है। तिल्दा क्षेत्र में स्थापित हो रहे औद्योगिक संस्थानों को जल आपूर्ति इस योजना के अतिरिक्त जल से हो सकेगी। |
| 6. | प्रस्तावित लम्प–सम निविदा की समस्त अर्हतायें एवं तकनीकी बिन्दुओं के संबंध मे प्रशासकीय विभाग स्वयं के स्तर पर निर्णय लिया जाकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। | सुझाव अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जावेगी। |
| 7. | कार्य की निविदा प्रक्रिया में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, पर्याप्त सहभागिता एवं technical Qualification तथा bid capacity संबंधी अर्हताओं का पालन सुनिश्चित किया जावे। | सुझाव अनुसार अर्हताओं का पालन सुनिश्चित किया जावेगा। |
| 8. | Works Manual के अनुसार tender documents approval का कार्य प्रशासकीय विभाग का है, अतः वित्त विभाग किसी भी त्रुटि/प्रक्रिया में कमी हेतु जवाबदेह नहीं होगा। निविदा दस्तावेज का सम्पूर्ण परीक्षण विभाग स्तर पर कर प्रशासकीय अनुमोदन के अनुसार हो। | सुझाव अनुसार आवश्यक कार्यवाही की जावेगी। |
| 9. | प्रस्तुत प्रारूप निविदा दस्तावेजों में पूर्व अहर्ता की कंडिका 4.1 में, B फॉर्म आइटम रेट टेंडर के annexure-I की कंडिका 1.2 (b) रखी जावे।<br>"1.2(b)– (i) Satisfactorily completed at least One similar project costing minimum 50% (fifty percent) of the probable amount of contract as on date of submission of Financial Offer.<br>Or<br>(ii) Satisfactorily completed at least Two similar projects each costing minimum 40% (forty percent) of the probable amount of contract for which the tender invited as on date of submission of Financial Offer. | सुझाव अनुसार पूर्व अर्हता की कंडिका में प्रावधान किया जावेगा। |
| 10 | मोबिलाइजेशन एवम Tools and Plant एडवांस की वसूली की कंडिका 4.58 में व्याज दर रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया के बैंक रेट से 1% अधिक का प्रावधान रखा गया है, जिसे Bank Rate + 3% (वर्तमान में 5.5%+3%=8.5%) रखा जाए। | सुझाव के अनुसार कंडिका में सुधार किया जावेगा। |

4. **एजेण्डा आयटम क्रमांक 04 – मटनार बहुउद्देशीय बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं देऊरगांव बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना निर्माण कार्य के लिए लम्प–सम संयुक्त निविदा हेतु प्रारूप निविदा प्रपत्र का अनुमोदन बाबत्।**

मुख्य अभियंता, महानदी परियोजना, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.) द्वारा उपरोक्त विषयांकित योजना के संबंध में विस्तृत एजेण्डा नोट पत्र दिनांक 23.04.2026 के माध्यम से प्रस्तुत किया हैं।

मुख्य अभियंता द्वारा एजेण्डा नोट में योजना का दिया गया संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :–

4.1 **योजना का परिचय** :– मटनार बैराज योजना का शीर्ष कार्य बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील एवं विकासखण्ड–लोहण्डीगुड़ा, के ग्राम–मटनार से 7.00 किमी, चित्रकोट जल प्रपात से 5.00 किमी नीचे व जगदलपुर शहर से 60.00 किमी दूरी पर इन्द्रावती नदी में प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना का कुल जल ग्रहण क्षेत्र 12057.00 वर्ग कि.मी. है। टोपोशीट क्र. 65E/12, अक्षांश 19°10'48.2"N एवं देशांश 81°39'50.3"E पर चिन्हांकित की गई है। यह क्षेत्र घोषित वृष्टिछाया क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

देउरगांव बैराज योजना का शीर्ष कार्य बस्तर जिले के चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तहसील एवं विकासखण्ड तोकापाल के ग्राम देउरगांव से 6.00 किमी एवं जगदलपुर शहर से 13.00 किमी दूरी पर इन्द्रावती नदी में प्रस्तावित है। प्रस्तावित योजना का कुल जल ग्रहण क्षेत्र 7805.00 वर्ग कि.मी. है। इसे टोपोशीट क्र. 65E/16, अक्षांश 19°07'34"N एवं देशांश 81°54'09"E पर चिन्हांकित की गई है। यह क्षेत्र घोषित वृष्टिछाया क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

4.2 **सिंचाई** :– मटनार बैराज परियोजना में नहर कार्य के अंतर्गत मुख्य एवं लघु नहरों सहित कुल लम्बाई 40.00 कि.मी. नहरों के माध्यम से विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा के 09 ग्रामों में 3980.00 हेक्टेयर सिंचाई उद्वहन एवं सतही प्रवाह से किया जाना प्रस्तावित है।

देऊरगांव बैराज परियोजना में नहर कार्य के अंतर्गत मुख्य एवं लघु नहरों सहित कुल लम्बाई 28.00 कि.मी. नहरों के माध्यम से विकासखण्ड तोकापाल के 10 ग्रामों में 3980.00 हेक्टेयर सिंचाई उद्वहन एवं सतही प्रवाह से किया जाना प्रस्तावित है।

4.3 **औद्योगिक प्रयोजन/ पेय जल** :– मटनार बैराज में औद्योगिक उपयोग हेतु 10.00 मि.घ.मी. एवं पेय जल हेतु 5.00 मि.घ.मी. जल प्रस्तावित है ।

देऊरगांव बैराज में औद्योगिक उपयोग हेतु 3.00 मि.घ.मी. एवं पेय जल हेतु 3.00 मि.घ.मी. जल प्रस्तावित है ।

4.4 **प्रशासकीय स्वीकृति** :– मटनार बहुउद्देशीय बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं देऊरगांव बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति छ.ग. शासन के आदेश क्रमांक क्रमशः 699/PROJ-41011/670/2025-WRD अटल नगर दिनांक 31.01.2026 के तहत राशि रू. 1269.81 करोड़ एवं छ.ग. शासन के आदेश क्रमांक क्रमशः 701/PROJ-41011/671/2025-WRD अटल नगर दिनांक 31.01.2026 के तहत राशि रू. 754.02 करोड़ प्राप्त हुई है।

4.5 **तकनीकी स्वीकृति** :– मटनार बहुउद्देशीय बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना एवं देऊरगांव बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग, जगदलपुर के पत्र क्रमांक क्रमशः 1094/CE/ GB/ 2025-26/Matnar Barrage जगदलपुर दिनांक 09.04.2026 के तहत राशि रू. 1218.84 करोड़ एवं मुख्य अभियंता, गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग, जगदलपुर के पत्र क्रमांक क्रमशः 1092/CE/GB/2025-26/Deurgaon Barrage जगदलपुर दिनांक 09.04.2026 के तहत राशि रू. 707.71 करोड़ प्राप्त हुई है।

**4.6 बजट आबंटन :–** मटनार बहुउद्देशीय बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना वर्ष 2025–26 के नवीन मद के अंतर्गत लघु सिंचाई योजना मांग संख्या 41/4702, रू. 25.00 लाख, पृष्ठां. क्रं. 324 तथा सरल क्रं. 276 में प्रावधान किया गया है।

देऊरगांव बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना वर्ष 2025–26 के नवीन मद के अंतर्गत लघु सिंचाई योजना मांग संख्या 41/4702, रू. 25.00 लाख, पृष्ठां. क्रं. 324 तथा सरल क्रं. 274 में प्रावधान किया गया है।

**4.7 योजना की प्रमुख विषेषताएं :–**

**मटनार बैराज**

| | | |
|---|---|---|
| नदी तल से ऊँचाई | : | 35 मीटर |
| लंबाई | : | 470 मीटर |
| जल ग्रहण क्षेत्र (अवाह क्षेत्र) | : | 12057 वर्ग किमी |
| बांध का प्रकार | : | कांक्रीट |
| अधिप्लव क्षमता (डिजाईन फ्लड) | : | 16600 घन मीटर/सेकण्ड |
| जल भराव क्षमता | : | 32 मि.घ.मी. |
| रेडियल गेट | : | 14 नग |
| लाभान्वित ग्राम | : | 09 |
| लागत | : | 1269.81 करोड़ |
| परिचालन प्रणाली | : | उद्वहन (Lift) एवं सतही प्रवाह (Gravity Flow) |

**देऊरगांव बैराज**

| | | |
|---|---|---|
| नदी तल स्तर से जलाशय स्तर तक की ऊँचाई | : | 5 मीटर |
| क्रेस्ट स्तर से सड़क स्तर तक की ऊँचाई | | 14.25 मीटर |
| लंबाई | : | 305 मीटर |
| जल ग्रहण क्षेत्र (अवाह क्षेत्र) | : | 7805 वर्ग किमी |
| बांध का प्रकार | : | कांक्रीट एवं रबर |
| अधिप्लव क्षमता (डिजाईन फ्लड) | : | 6448 घन मीटर/सेकण्ड |
| जल भराव क्षमता | : | 15 मि.घ.मी. |
| रबर गेट | : | 24 नग |
| लाभान्वित ग्राम | : | 10 |
| लागत | : | 754.02 करोड़ |
| परिचालन प्रणाली | : | उद्वहन (Lift) एवं सतही प्रवाह (Gravity Flow) |

**4.8 योजना से बहुउद्देशीय लाभ :–**

**मटनार बैराज :–** मटनार बहुउद्देशीय बैराज सह उद्वहन सिंचाई परियोजना कृषि, ऊर्जा और स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए एक बहुआयामी पहल है। इसके माध्यम से कुल 3980 हेक्टेयर क्षेत्र (खरीफ और रबी) में सिंचाई की सुविधा सुनिश्चित होगी, इन्द्रावती नदी के जल का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करते हुए 21 मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन किया जाएगा। सिंचाई, बिजली, औद्योगिक उपयोग, पेयजल के

अतिरिक्त चित्रकोट जलप्रपात में जल स्तर का बेहतर प्रबंधन और नौकायान जैसी गतिविधियों से यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन हब के रूप में विकसित होगा। इस योजना में मत्स्य पालन के माध्यम से लगभग 300 समूहों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होगी। क्षेत्र का सिंचाई प्रतिशत 5% से बढ़कर 24% होगी। यह बैराज निर्माण क्षेत्र के समग्र आर्थिक विकास और ग्रामीणों की आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

